# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 682/08/बी0एड0/MSU/2022–23 दिनांकः 15.06.2022

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध बी०एड० संस्थान/महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

विषयः– शिक्षा संकाय में न्यूनतम दस साल अनुभव रखने वाले स्ववित्त पोषित योजना में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शिक्षकों का विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि जुलाई माह में बी०एड० की प्रायोगिक परीक्षा प्रस्तावित है। प्रायोगिक परीक्षा हेतु परीक्षकों की नियुक्ति के लिये शिक्षा संकाय (प्रशिक्षण) में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव रखने वाले स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत संचालित संस्थानों में विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित शिक्षकों का विवरण निम्न प्रारूप के अनुसार संस्थान से प्रमाणित कराते हुए अधोस्ताक्षरी को 07 दिवस में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंः–

1. शिक्षक का नाम–
2. महाविद्यालय का नाम–
3. पाठ्यक्रम का नाम–
4. मोबाईल नम्बर–
5. ई–मेल आई0डी0–
6. संस्थान द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र–
7. विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र–
8. सम्बन्धित शिक्षक को संस्था के खाते से किये गये उसके वेतन भुगतान का एक वर्ष का विवरण(शिक्षक के बैंक खाते एवं संस्थान के बैंक खाते के अनुसार) संलग्न करें।

निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदन पर विश्वविद्यालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जाएगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व संस्थान/सम्बधित शिक्षकों का होगा।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

01. वित्त अधिकारी कार्यालय को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
02. समन्वयक परीक्षा।
03. सहायक कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)।
04. कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
05. प्रभारी, गोपनीय/परीक्षा विभाग को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव